# डेंगू रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी जारी, आंकड़ा 360 तक पहुंचा

**बीकानेर,**(कासं)। मौसमी बीमारियों के चलते डेंगू का डंक दिनों दिन तेज हो रहा है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर पर बीमारियों की रोकथाम के प्रयास कर रहा है। विभाग का मानना है कि इस माह में और डेंगू मरीज आने की संभावना है। जबकि नवम्बर में डेंगू पॉजिटिव की संख्या कुछ हद तक कम हो जायेगी।

फिलहाल गत चार दिनों में ही 25 नए मरीज डेंगू के रिपोर्ट हुए हैं। इससे पहले 29 सितम्बर तक 335 मरीज डेंगू पॉजिटिव मरीज सामने आये थे। तीन अक्टूबर तक यह संख्या 360 तक पहुंच गई है। इस सप्ताह यह संख्या और बढ़ने का अंदेशा जताया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सावधान रहते हुए मच्छरों को दूर भगाने के सभी उपाय करने की नसीहत दी है।

जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की टीमें हर रोज करीबन 50 घरों का सर्वे कर रही हैं। खास तौर से उन इलाकों में जहां किसी घर से किसी व्यक्ति की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है। उसके मकाने के आसपास 50 मकानों का सर्वे शुरू कर दिया जाता है। पीड़ित व्यक्ति के घर के सभी सदस्यों की भी जांच की जाती है। साथ ही पानी जमा होने वाले स्थानों पर लार्वा को नष्ट किया जाता है। विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों के करीब 250 विद्यार्थी प्रतिदिन सर्वे में जुटे हुए हैं।

डेंगू जांच दो तरह से की जाती है। एक एनएस वन एवं दूसरी आईजीएम पद्धति से। बीकानेर में इस समय एनएस वन के पॉजिटिव अधिक सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इसी तथ्य को लेकर राहत की सांस ले रहा है। उसका मानना है कि एनएस वन पॉजिटिव ज्यादा खतरनाक नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि बीकानेर के अलावा अन्य मेडिकल कॉलेजों में एनएस वन को गंभीर नहीं माना जाता है। हालांकि बीकानेर मेडिकल कॉलेज किसी भी तरह का रिस्क नहीं ले रही। एनएस वन को भी गंभीर मानते हुए कार्रवाई की जा रही है। इस वजह से बीकानेर में डेंगू के मरीज ज्यादा रिपोर्ट हो रहे हैं।

बीकानेर के पी.बी.एम. अस्पताल में डेंगू की जांच के लिए मरीजों की कतार लगी।

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह :** पी.बी.एम अस्पताल के मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का शुभारंभ किया गया। 10 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले इस सप्ताह के तहत आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। सप्ताह के पहले दिन शुक्रवार को ग्रीन रिबन गेट मीटिंग, पोस्टर विमोचन, प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हरफूल सिंह, आचार्य डॉ श्रीगोपाल, डॉ विजय शंकर बोहरा, डॉ तुलसी शर्मा व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

मानसिक एवं नशा मुक्ति विभागाध्यक्ष डॉ हरफूल सिंह ने बताया कि आगामी सात दिवस में अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रमों के माध्यम से मानसिक रोग एवं इनके इलाज के लिए आमजन में जागरूकता जरूरी है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस सप्ताह को मनाने का उद्देश्य आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए योग, ध्यान, अच्छी नींद, संतुलित आहार, व्यायाम आदि का महत्व बताया जायेगा। मानसिक स्वास्थ्य आमजन का मौलिक अधिकार है।

मानसिक बीमारियों का इलाज संभव है। मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रीन गेट रिबन मीटिंग का आयोजन किया गया। हरा रिबन मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का अंतर्राष्ट्रीय प्रतीक है। विभागाध्यक्ष डॉ हरफूल सिंह ने बताया कि इस

■ **गत चार दिनों में ही 25 नए मरीज डेंगू के रिपोर्ट हुए हैं, इससे पहले 29 सितम्बर तक 335 मरीज डेंगू पॉजिटिव मरीज सामने आये थे**

सप्ताह में 'कार्यस्थलों पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय आ गया है' के विषय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि सप्ताह के दूसरे दिन प्रात:10 बजे जिले की विभिन्न कोचिंग संस्थानों में छात्रों के लिए सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य पर स्वास्थ्य वार्ता सत्र, नारा व निबंध लेखन, पोस्ट निर्माण, महिलाओं की समस्या पर विचार गोष्ठी तथा 6 अक्टूबर को संवादात्मक सत्र का आयोजन किया जायेगा।

इसी प्रकार 7 अक्टूबर को रेजिडेंट डॉक्टर्स, पूर्व स्नातक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल छात्रों के साथ संवाद सत्र, सेवा आश्रम तथा नारी निकेतन में मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 8 अक्टूबर को कार्य स्थलों पर तनाव प्रबंधन सत्र, 9 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर) पर मानसिक बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों पर चर्चा की जाएगी।

## झूलेलाल प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक

**बीकानेर,** (कासं)। संत कंवर राम सिंधी समाज ट्रस्ट, भारतीय सिन्धु सभा महानगर, मातृ शक्ति सत्संग मंडली, जय झूलेलाल सिंधी युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में असू चंड महोत्सव के अंतिम चरण में शुक्रवार को निज मंदिर में प्रात: झूलेलाल की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक कर ध्वजा फहराई गई। प्रात: झूलन भजनों के साथ-साथ मां भगवती के जयकारे गूंजते रहे।

ईष्ट देव झूलेलाल का माल्यार्पण श्याम वाधवानी, हरीश वलीरमाणी, खेमचंद सदारंगानी, लक्ष्मण किशनानी, दादी कलावती, रूकमणी नवानी, अजय-विजय व मानसिंह मामनानी ने किया। दीप प्रज्ज्वलित कांता हेमनानी, भारती गुवालानी, वर्षा, कमला देवी, दुर्गा, लक्ष्मी ने किया। मातृ शक्ति सत्संग मंडली के सदस्यों द्वारा पल्लो डालकर अरदास की।

जय झूलेलाल युवा सिंधी मंडली के दीपचंद, मनुमल, रमेश भगत व मातृ शक्ति सत्संग मंडली की मधु सादवानी व दादी रूकमणी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। बाल कलाकार दर्शना ने सिंधी भाषा के भजन की प्रस्तुति देकर अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। भजन-कीर्तन-सत्संग उपरांत दोपहर में 151 कन्याओं का विधि विधन से पूजन किया। कंजिकाओं को उपहार प्रदान किये गये एवं भण्डारे का प्रसाद का भोग लगाया गया। शाम को मातृ शक्ति सत्संग मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन द्वारा किया गया। गोधूलि बेला में बहराना साहिब की पवित्र ज्योति जलकुंड में विसर्जित की गई। ट्रस्ट के तेज प्रकाश वलीरमाणी द्वारा राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## सार-समाचार

### ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

जैन कन्या पी. जी. महाविद्यालय प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष नयनतारा छलानी ने ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जैन कन्या पी. जी. महाविद्यालय की लाइब्रेरी को डिजिटल लाइब्रेरी में रूपांतरित करते हुए महाविद्यालय प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष नयनतारा छलानी ने ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन कर छात्राओं को उद्बोधन देते हुए कहा कि आज के समय को देखते हुए तकनीक के साथ चलने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. संध्या सक्सेना के मार्गदर्शन और कम्प्यूटर विभाग के डॉ पकंज दाधीच के निर्देशन में संकाय सदस्यों ने ई-लाइब्रेरी को अद्यतन करने में सहयोग दिया। पुस्तकालयाध्यक्ष शीतल शर्मा ने डिजिटल लाइब्रेरी के लिए प्रबंध समिति और प्राचार्य को धन्यवाद प्रेषित किया। मीडिया सह-प्रभारी विशाल सोलंकी ने बताया कि आज ही महाविद्यालय की छात्राओं के लिए महाविद्यालय की ओर से नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा का उद्घाटन भी उपाध्यक्ष इंदु देवी का सुराणा ने किया। उपाध्यक्ष ने बताया कि आज के समय मे छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा हेतु मार्गदर्शन की महती आवश्यकता है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष विजय कुमार कोचर ने महाविद्यालय सभागार में राजस्थान कबीर यात्रा के सदस्यों का माला पहनाकर और संस्था के कोषाध्यक्ष चम्पक मल सुराणा ने अथितियों का शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। राजस्थान कबीर यात्रा के अरूण गोयल और साथियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। उपस्थित संकाय सदस्यों और छात्राओं ने इस सूफी संगीत कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। महाविद्यालय प्रबंध की सदस्य डॉ. बबीता जैन ने कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संध्या सक्सेना ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अरूण सक्सेना ने किया।

### दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण

पीबीएम ट्रोमा सेंटर में दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण करने वाली डाक्टरों की टीम।

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम राजकीय ट्रोमा सेंटर में पहली बार दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया गया, जिससे 60 वर्षीय रोगी को मिली नई जिंदगी मिली है। विभागाध्यक्ष डॉ बी. एल. खजोटिया ने बताया कि घड़साना निवासी इंद्रराज पुत्र पालाराम लम्बे समय से दोनों घुटनों के दर्द से पीड़ित थे। जो थोड़ी दूर चलने फिरने में परेशान थे और दैनिक प्रक्रिया में भी परेशानी थी। इसी परेशानी के चलते उन्हें अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ बी एल खजोटिया ने अस्पताल में एडमिट कर आवश्यक जांचें एक्सरे, स्केनोग्राफी, एम आर आई, आदि करवाकर दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण एक साथ करने का निर्णय लिया। डॉ बी. एल. खजोटिया के नेतृत्व में रोगी के दोनों घुटनों का एक साथ प्रत्यारोपण मुख्यमंत्री आयुष्मान/चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के अंर्तगत किया गया। डॉ खजोटिया ने बताया कि इस सफल प्रत्यारोपण से रोगी को पोस्ट ऑपरेटिव स्वाथ्य लाभ शीघ्र मिलता है और रोगी अपनी दिनचर्या बिना किसी परेशानी के जल्दी शुरू कर पाता है। डॉ बी. एल. खजोटिया के नेतृत्व में डॉ संजय तंवर, डॉ मनीष लांबा, डॉ जितेन्द्र मीणा, तथा निश्चेतन विभाग टीम में डॉ कांता भाटी, डॉ जिनेश एवं नर्सिंग स्टाफ इस सफल ऑपरेशन का हिस्सा बने। उल्लेखनीय है कि सामान्यत: मरीज पहले एक घुटने का ऑपरेशन करवाते हैं फिर दूसरे घुटने का 60 वर्षीय रोगी को जब डॉक्टर बी. एल. खजोटिया ने दोनों घुटने के एक साथ सलाह दी। मरीज द्वारा सलाह मानने पर पीबीएम के ट्रोमा सेंटर में पहली बार दोनों घुटनों का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टर खजोटिया ने कहा कि आजकल मरीज को तुरंत चलाया जाता है और घरवालों को भी अधिक केयर की आवश्कता नहीं रहती।

# नरमे की आवक शुरू, समर्थन मूल्य से अधिक मिले दाम

**श्रीकरणपुर,**(कासं)। नई धानमंडी में सफेद सोना कही जाने वाली खरीफ फसल नरमे की आवक हुई। पहले दिन करीब साढ़े तीन क्विंटल नरमा 7351 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिका। पहली ही ढेरी न्यूनतम समर्थन मूल्य 7271 रूपए प्रति क्विंटल से अधिक बिकने पर व्यापारियों व किसानों में उत्साह नजर आया।

इस बारे में कृषि उपज मंडी समिति के नियमन अधिकारी (वरिष्ठ लिपिक) सुमित कुमार ने बताया कि नई धानमंडी में गुरूवार को इस सीजन की नरमे की पहली ढेरी पहुंची। उन्होंने बताया कि फर्म बाबूराम रामस्वरूप की दुकान नंबर 40 पर करीब साढ़े तीन क्विंटल नरमे की आवक हुई और यह 7351 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बिका और गांव नग्गी निवासी किसान साहब राम यह नरमा लेकर आये थे। मौके पर फर्म मालिक रमेश बंसल सहित अन्य

■ **पहले दिन करीब साढ़े तीन क्विंटल नरमा 7351 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिका, जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य 7271 रूपए है**

व्यापारी भी मौजूद थे। नियमन अधिकारी ने बताया कि इसके बाद फर्म औंकार ट्रेडिंग कंपनी पर करीब चार क्विंटल नरमा 7201 रूपए व गुरदास राम जगदीश राय की दुकान पर करीब एक क्विंटल नरमा 7251 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से बिका। उधर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप तनेजा ने बताया कि पिछली बार नरमे का भाव कम मिलने से इस बार उत्पादन क्षेत्र कम है लेकिन नरमे का उत्पादन बढने के साथ गुणवत्ता भी अच्छी है।

उन्होंने बताया कि इस बार प्रति बीघा 6-7 क्विंटल नरमा उत्पादन बताया जा रहा है। ऐसे में नरमे-कपास का भाव भी पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक रहने की संभावना जताई जा रही है।

उधर नरमे की सरकारी खरीद की एजेंसी सीसीआई के स्थानीय केन्द्र प्रभारी विकास सहगल ने बताया कि इस बार नरमे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7271 रूपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। इसमें 8 से 12 प्रतिशत तक की नमी स्वीकार्य है। हालांकि अधिक नमी होने पर इसके मुताबिक भाव तय किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। केसरीसिंहपुर क्षेत्र की प्रमुख फसल सफेद सोने की आवक गुरूवार को मंडी में शुरू हो गई।

## मां आशापुरा का नवरात्रि उत्सव

**बीकानेर,** (कासं)। उदयरामसर के भगवान कुंथुनाथ, शंखेश्वर पार्श्वनाथ जिनालय में स्थित जैन समाज के बोथरा, डागा, भंडारी सहित अनेक गोत्रों के साथ पुष्करणा के मैढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार, चौहान राजपूत समाज सहित अनेक जाति बिरादरी की कुलदेवी आशापुरा के मंदिर में शारदीय नवरात्रा उत्सव घट स्थापना से शुरू हुआ। नवरात्रा के दौरान आशापुरा देवी की विशेष पूजा, श्रृंगार, भक्ति आदि के आयोजन होंगे।

आयोजन से जुड़े सुरेश भंडारी ने बताया कि सुशील चूरा के नेतृत्व में वेदपाठी ब्राह्मणों के दल ने शुभ अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना, पूजन करवाया तथा दुर्गा पाठ, चंडी पाठ किया। देवी के सुबह शाम जोत व आरती की गई। इसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के साथ ग्रामीणां ने भी हिस्सा लिया। आयोजन में बोथरा, भंडारी व डागा परिवार के साथ ग्रामीण सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। नवरात्र उत्सव 11 अक्टूबर तक चलेंगे।

# बाइक सवार को बस ने टक्कर मारी, तीन घायल

**बीकानेर,** (कासं)। मंदिर से दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार को बस द्वारा टक्कर मारने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जेएनवीसी पुलिस थाने में रत्ताणी व्यासों के चौक में रहने वाले अभिषेक व्यास ने बस नम्बर आरजे-39-पीएस-1690 के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

पीड़ित ने बताया कि 2 अक्टूबर की दोपहर को उसके पिता, मां व बहन बाइक से वैष्णो धाम मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे। इसी दौरान जयपुर रोड़ पर बस चालक ने लापरवाही व गलत दिशा में गाड़ी चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पीड़ित ने बताया कि बस चालक ने इस दौरान एक टैक्सी को भी टक्कर मार दी। जिसके चलते टैक्सी चालक के भी चोटें आई है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज

■ **वैष्णो धाम मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे बाइक सवार**

कर जांच शुरू कर दी है।

**आठ रूपए के लिए मारपीट :** आठ रूपए के लिए मारपीट कर चैन छीन ले जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में जेएनवीसी थाने में हेमेरा निवासी शिवकरण सारस्वत ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना शिवबाडी सर्किल के पास 3 अक्टूबर की दोपहर की है। इस संबंध में परिवादी ने बताया कि वह जनरल आईटम की दुकान चलाता है। इसी के चलते दोपहर को अज्ञात व्यक्ति आये और कोल्ड् ड्रिंक व ग्लास मांगे। जब परिवादी ने सामान के 108 रूपए मांगे तो आरोपित ने 100 रूपए दे दिए बाकी के पैसों का बोलने पर गाली गलौच करने लगे।

# भांडाशाह जैन मंदिर में 17 भेदी व स्नात्र पूजा

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के आचार्य, बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर व साध्वीवृंद की निश्रा में शुक्रवार को पांच शताब्दी से अधिक प्राचीन भांडाशाह जैन मंदिर में भक्ति संगीत के साथ 17 भेदी व स्नात्र पूजा की गई। मूलनायक मंदिर जैन धर्म के पांचवें तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ के 108 फीट ऊंचे मंदिर के शिखर पर व श्रीमंधर स्वामी आदि जिनालयों के शिखर पर नई ध्वजाएं चढ़ाई गई।

चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष निर्मल धारीवाल ने बताया कि चतुर्विद संघ की साक्षी में गुरूवार को भगवान का अभिषेक भक्ति संगीत के साथ किया गया। शुक्रवार को मुनिवृंद, साध्वीवृंद के साथ सुनील पारख, अरिहंत नाहटा, पप्पूजी बांठिया व विचक्षण महिला मंडल ने मंत्रोच्चारण व भक्ति गीतों के साथ पूजा करवाई तथा ध्वजाओं के शुद्धिकरण करवाकर स्थापित करवाया। स्नात्र पूजा हिमांशु सेठिया व शांति कलश पूजा लाभ अभय डागा ने लिया।

मूलनायक भगवान सुमति नाथ के जिनालय में ध्वजा चढ़ाने का लाभ पूरखचंद, धनराज व दीपचंद डागा परिवार ने, श्रीमंधर स्वामी के जिनालय में मोतीचंद, नरेन्द्र कुमार व राजीव खजांची परिवार ने, मंदिर परिसर के अन्य जिनालयों में शशि देवी, अंजू लूणिया सी.ए. राजेन्द्र लूणिया, मनोहर लाल पुष्पा कोचर, विजयचंद पुखराज डागा परिवार ने ध्वजा चढाने का लाभ लिया।

## मां ब्राह्मणी का मेला शुरू

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के पल्लू कस्बे में मां ब्राह्मणी के ऐतिहासिक मंदिर पर प्रथम शारदीय नवरात्र को घट स्थापना के साथ ही पंद्रह दिवसीय मेले का आरंभ हो गया। प्रथम नवरात्र को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई।

सभी श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर शांतिपूर्वक मां ब्राह्मणी के दर्शन कर मन्नतें मांगी। मेले के प्रथम दिवस पर मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर में असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए 20 सीसीटीवी कैमरे लगाये गए। सुबह सात बजकर तीस मिनट पर मंदिर पुजारी भगवान सिंह भाटी व शास्त्री नौरंगलाल द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन कर घट स्थापना की गई। मेले के प्रथम दिन बाजार में ट्रेफिक व्यवस्था चरमराई रही।

# एम.जी.एस.यू. में नहीं होगा प्लास्टिक का उपयोग

**बीकानेर,** (कासं)। एमजीएसयू द्वारा कुलपति से शिष्टाचार भेंट एवं कार्यक्रमों समारोहों में कुलगुरू को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह के स्थान पर पाठ्यक्रम संबंधी या शिक्षकों द्वारा स्वलिखित पुस्तकें भेंट की जा सकेंगी जिनका उपयोग विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में जरूरतमंद विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए किया जायेगा।

कुलपति सचिवालय से जारी दिशा-निर्देशिका में कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित की महत्वपूर्ण पहल से विद्यार्थियों में अध्ययन रूचि एवं अधिक से अधिक पाठ्यक्रम संबंधी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इस हेतु विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय

■ **जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी**

में बुक बैंक बनाकर कुलगुरू को सम्मान स्वरूप प्राप्त होने वाली पुस्तकें ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी।

इसके साथ साथ कुलगुरू ने निर्देशिका में विश्वविद्यालय में होने वाले समस्त सरकारी आयोजनों, समारोहों, कार्यक्रमों में प्लास्टिक पर पूर्णत: रोक लगा दी है। कार्यक्रमों में आयोजकों से पानी की प्लास्टिक बोलत का उपयोग नहीं करने के दिशा निर्देश प्रदान कर उसके स्थान पर तांबे के थर्मस, बर्तन, लोटे , जग आदि के उपयोग हेतु निर्देशित किया गया है।

कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि मोबाइल क्रांति के युग में विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकें पढ़ना कम होता जा रहा है जो चिंता का विषय है। समर्थ विद्यार्थियों को पुस्तकों का महत्व समझाने व ज़रूरतमंद विद्यार्थियों के अध्ययन में सहयोग हेतु विश्वविद्यालय द्वारा यह कदम उठाया गया है। नि:शुल्क पुस्तक भेंट के रूप में कमज़ोर आर्थिक स्थिति वाले व ज़रूरतमन्द विद्यार्थियों की मदद और सामाजिक सरोकार की दिशा में यह अपने आपमें एक अनूठी पहल है। दीक्षित के इस निर्णय से विद्यार्थियों ने खुशी जताई।

# लम्पी बीमारी में पशु चिकित्सकों के योगदान को याद किया

**बीकानेर,** (कासं)। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर एवं भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पशु दिवस मनाया गया। प्रत्येक वर्ष यह दिवस 4 अक्टूबर को विश्व भर में पशुओं के प्रति जागरूकता फैलाने व उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मनाया जाता है।

राजुवास में मनाये गये विश्व पशु दिवस के आयोजन सचिव प्रो. प्रवीण बिश्नोई, निदेशक क्लीनिक्स ने बताया कि कार्यक्रम में वेटरनरी कॉलेज के शिक्षकों, छात्रों, पशुपालन के अधिकारियों, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के सदस्यों के साथ -साथ गौशालाओं के प्रबंधकों व अन्य जीव जन्तु प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. हेमन्त दाधीच अधिष्ठाता, वेटरनरी कॉलेज थे। विशिष्ट अतिथि अतिथि डॉ. कुलदीप चौधरी, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, बीकानेर व श्रेयांश

पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में विश्व पशु दिवस कार्यक्रम को प्रो. हेमन्त दाधिच ने संबोधित किया।

बैद, मानद प्रतिनिधि जीव जन्तु कल्याण बोर्ड और निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया थे। मुख्य वक्ता श्रेयांस बैद, मानद प्रतिनिधि भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 325, शेल्टर होम, एनिमल बर्थ कंट्रोल, स्ट्रे एनिमल, ऑक्सिटोक्सिन बैन, प्रदेश में ऊंटों का पलायन, बैलों के खेतों में उपयोग, पालतू

■ **जागरूकता अभियान व 1962 एनिमल एम्बुलेंस के बारे में जानकारी दी**

जानवरों के टीकाकरण, पंजीकरण एंव जागरूकता अभियान व 1962 एनिमल एम्बुलेंस के बारे में जानकारी दी। श्रेयांश ने जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के कार्यों व महत्व पर प्रकाश डाला। अधिष्ठाता प्रो. हेमन्त दाधीच ने पशुओं के प्रति संवेदना जगाने हेतु प्रेरित किया तथा बताया कि पशु चिकित्सक होने के नाते हम सबकी जिम्मेदारी इस ओर अधिक है। उन्होंने लम्पी बीमारी में पशु चिकित्सकों के योगदान को याद किया। डॉ. कुलदीप चौधरी ने मानव पशु रखरखाव के बारे में बताते हुए कहा कि इसका सीधा कारण मानव द्वारा पशुओं के प्राकृतिक आवास क्षेत्र में अतिक्रमण करना है।

## उद्यमी मिलन समारोह

**बीकानेर,**(कासं)। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वावलम्बी भारत अभियान के तहत उद्यमी मिलन समारोह शुक्रवार को वृंदावन होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संयोजक डॉ. धनपत राम अग्रवाल थे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में लघु उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक शोध किए जाने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उद्यमी अपने उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाएं और इनका प्रचार-प्रसार भी करें। उन्होंने कहा कि दुनिया के विकसित देश अपनी आय का पांच से दस प्रतिशत हिस्सा शोध पर व्यय करते हैं।

इससे उनके उत्पादों की गुणवत्ता में और अधिक सुधार होता है। भारत में अब तक इसकी शुरूआत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग की इकाईयां क्लस्टर बनाएं।

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक :- निर्माण/2024-25/13763 - 65 दिनांक :- 01/10/2024
**अल्पकालीन ई - निविदा-सूचना सं0 62/2024-25**
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.sppp.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा की कुल लागत :- 149.00 लाख
UBN Number :- DLB2425WSOB09787
आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर
राज.संवाद/सी/24/6074

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3931 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 1.10.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजो देवी पत्नी श्री सोहन लाल निवासी नरसिंहपुर, तहसील व जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 किला नं. 13 में माप 22.6 इंटू 67.6 फीट भू.सं. ए-37 पार्ट-ए रामदेव कॉलोनी, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा सं. 5944 दिनांक 10.7.2017 को श्रीमती जमना देवी पत्नी श्री रूपचंद के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्रीमती रजो देवी द्वारा उक्त भूखंड को दिनांक 10.5.2018 को जरिये पंजीकृत बैयनामा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती रजो देवी पत्नी श्री सोहन लाल निवासी नरसिंहपुर, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/806
सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3918 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.9.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरभजन सिंह घई पुत्र श्री जसवंत सिंह घई एवं श्रीमती कमलजीत कौर पत्नी श्री हरमोहन सिंह निवासी सी-78, प्रेमनगर, सेतिया फार्म, मैन रोड़, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का